नैना थक गए राह निहारूं,

नैना थक गए राह निहारूं,
कन्हैया अब देर ना करो,
कन्हैया अब देर ना करो,
कन्हैया अब देर ना करो,
नैना थक गए राह निहारूँ,
कन्हैया अब देर ना करो।।

तर्ज – दिल देता है रो रो।

एक ही कान्हा तेरा सहारा,
दूजा ना कोई जग में हमारा,
कर ली हमने तुझसे ही यारी,
कन्हैया अब देर ना करो,
नैना थक गए राह निहारूँ,
कन्हैया अब देर ना करो।।

हरदम पूजूँ नित मैं ध्याऊँ,
सबसे पहले श्याम मनाऊँ,
सुनलो मेरे मन की कहानी,
कन्हैया अब देर ना करो,
नैना थक गए राह निहारूँ,
कन्हैया अब देर ना करो।।

मेरे कन्हैया श्याम मुरारी,
नाथ मेरे प्रभु तुम उपकारी,
खुद को कर दिया तेरे हवाले,
कन्हैया अब देर ना करो,
नैना थक गए राह निहारूँ,
कन्हैया अब देर ना करो।।

इस भवजल का तू ही किनारा,
जो भी मनाए उसको उबारा,
ठाकुर चरणों में ‘भगवत’ गाए,
कन्हैया अब देर ना करो,
नैना थक गए राह निहारूँ,
कन्हैया अब देर ना करो।।

नैना थक गए राह निहारूं,
कन्हैया अब देर ना करो,
कन्हैया अब देर ना करो,
कन्हैया अब देर ना करो,
नैना थक गए राह निहारूँ,

कन्हैया अब देर ना करो।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33728/title/Naina-thak-gaye-raah-niharu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |